हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, सोमवार, 31 मार्च 2025


तापमान

अधिकतम 32.5 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री


11 तेल डिपो पर अच्छी क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगाएं व पाइप लाइन पर निरंतर निगरानी करें: एसपी





12 कोसली हलके के अनेक शूरवीरों ने भारत मां की रक्षा के लिए न्यौछावर किए प्राण: आरती राव





DK Realestate
A name you can trust it.
DK Real Estate
लेकर आया है आपके लिए रेवाड़ी की प्राइम लोकेशन नया बस स्टैण्ड व मैट्रो स्टेशन के पास
प्लॉट ही प्लॉट
मात्र 16500 - 20000
प्रति वर्ग गज से शुरू
9467141575
Website : www.dkrealestate.co.in
Dinesh Kumar
dkrealestaterewari
DK Real Estate


## खबर संक्षेप

### आज मनाया जाएगा ईद-उल-फितर का पर्व

**रेवाड़ी।** सोमवार को जिले की सभी मस्जिदों व ईदगाह में ईद-उल-फितर की नमाज अता की जाएगी। मुस्लिम सभा के प्रधान मुबीन खान ने समाज के साथ सलाह-मशवरा करके जिले की सभी मस्जिदों में ईद की नमाज का समय तय किया है। प्रधान ने बताया कि जामा मस्जिद पीरबाबा वाली में सुबह 8:15 बजे, आसिया मस्जिद पुराना सिटी थाना में सुबह 7:30 बजे, खोल मस्जिद में सुबह 8:30 बजे, मदीना मस्जिद रेलवे स्टेशन में सुबह 8:30 बजे व गांव गुड़यानी स्थित ईदगाह में सुबह 8:30 बजे ईद की नमाज पढ़ने का समय तय किया गया है।

### ट्राले की टक्कर से अज्ञात व्यक्ति की मौत

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा फ्लाईओवर के पास ट्राले की टक्कर से व्यक्ति की मौत हो गई। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने ट्राला चालक पर केस दर्ज कर लिया है। धारूहेड़ा बस स्टैण्ड में ऑटो लगाने का काम करने वाले प्रवीन ने बताया कि 29 मार्च को सुबह समय करीब 6:30 बजे वह बस स्टैण्ड फ्लाईओवर के पास ऑटो लगवा रहा था तभी अचानक से ट्राला चालक ने पैदल चल रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे व्यक्ति ट्राले के टायरों के नीचे आ गया। राहगीरों की मदद घायल व्यक्ति को सरकारी अस्पताल भेजा गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चालक भीड का फायदा उठाकर मौका पर ही ट्राला छोड़कर भाग गया। मृतक की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**कसोला।** दिल्ली-जयुपर हाइवे पर रुध फ्लाईओवर पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक युवक की मौके पर मौत हो गई। जयसिंहपुर खेड़ा निवासी रविन्द्र कुमार ने कसोला थाना पुलिस को बताया कि उसकी दुकान पर मुकेश निवासी जयसिंहपुर खेड़ा काम करता था। 28 मार्च को वह उसकी मोटरसाइकिल लेकर निजी काम के लिए लेकर गया था। जब वह रात करीब 11:10 बजे एनएच-48 स्थित रुध फ्लाईओवर के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर मुकेश बाइक सहित गिर गया और उसें काफी गंभीर चोटें आई। घायल को ट्रामा सेंटर में दाखिल कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

### खड़े ट्रक से टकराई बाइक कंपनी कर्मचारी की मौत

**कुंड।** मांढण रोड पर शनिवार की रात फ्लाईओवर पर खड़े ट्रक से एक बाइक टकरा गई। हादसे में एक कंपनी कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पाडला निवासी केशव शर्मा बावल की एक कंपनी में नौकरी करता था। शनिवार को ड्यूटी करने के बाद साथी कंपनी कर्मचारी पाडला निवासी रोहित के साथ वह घर लौट रहा था। रात को मांढण रोड फ्लाईओवर पर एक ट्रक खड़ा हुआ था। सामने से दूसरे वाहन की लाइट पड़ने पर बाइक चालक को ट्रक दिखाई नहीं दिखाई दिया। बाइक ट्रक में घुस गई। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां केशव को मृत घोषित कर दिया गया।

### ठेकेदार की ओर से स्ट्रीट लाइटों की नहीं की जा रही देखरेख, तिरंगा लाइटें भी जगह-जगह दे चुकी जवाब

# नप अधिकारी नहीं दे रहे स्ट्रीट लाइटों की मेंटेनेंस पर कोई ध्यान, रात के समय कई मार्गों पर रहता है अंधेरा

- शहर के सड़कों पर रात के समय छाएं अंधेरे में तेज रफ्तार से गुजरते वाहन कई जगह डिवाइडर व स्ट्रीट लाइटों के पोल भी तोड़ चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी





रेवाड़ी। मेन बाजार में आधी बंद पड़ी तिरंगा व स्ट्रीट लाइटें, अनाजमंडी रोड पर बंद पड़ी तिरंगा व स्ट्रीट लाइटें। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। सरकुलर रोड पर स्ट्रीट लाइटें बंद रहने से अंधेरा। फोटो :हरिभूमि

नगर परिषद की ओर से स्ट्रीट लाइटों पर लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी शहर की कई सड़कों पर रात के समय अंधेरा छाया हुआ है। नप अधिकारियों की ओर से मॉनिटरिंग नहीं करने के कारण लाइटों का ठेका लेने वाले ठेकेदार की ओर से शहर में बंद हुई लाइटों पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर परिषद की ओर से गत वर्ष अक्टूबर में स्ट्रीट लाइटों के मेंटेनेंस व तिरंगा लाइटें लगाने के वर्क ऑर्डर जारी किए थे। स्ट्रीट लाइटों की मेंटेनेंस के लिए करीब 75 लाख रुपए का ठेका दिश गया तथा 45 लाख रुपये की तिरंगा लाइटें लगाई गई, लेकिन ये तिरंगा लाइटें कुछ दिन ही ठीक से काम कर पाई। वर्तमान में मुख्य बाजार सहित शहर के कई मार्गों पर तिरंगा लाइटें बंद हो चुकी है। इसके अलावा अनाजमंडी रोड, सरकुलर रोड, मेन बाजार, गढी बोलनी रोड, बाइपास, दिल्ली रोड व मिनी बाइपास पर बीच-बीच में काफी स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हुई है।

#### कई जगह बीच-बीच में बंद हो चुकी लाइटें

शहर का सौन्दर्य बढ़ाने के लिए बिजली पोल पर लगाई गई काफी तिरंगा लाइटें भी खराब होकर दम तोड़ चुकी है। तिरंगा लाइटों के लगने से रात के समय मार्गों पर अलग ही सौन्दर्य देखने को मिल रहा था। शहर के सरकुलर रोड, मेन बाजार, गढ़ी बोलनी रोड, दिल्ली रोड, बावल रोड व ओवरब्रिज सहित सहित सभी मार्गो पर तिरंगा लाइटें लगाई गई थी। स्ट्रीट लाइटें व तिरंगा लाइटें खराब होने से शहर की सड़कों पर रात के समय अंधेरा छा रहा है। स्ट्रीट लाइटों के बंद रहने से रात के समय वाहन चालकों को ज्यादा परेशानी हो रही है। वर्तमान में कई मार्गो पर बीच-बीच में स्ट्रीट लाइटें व तिरंगा लाइटें खराब हो चुकी है। ठेका लेने वाली फर्म की ओर से खराब हुई स्ट्रीट लाइटों व तिरंगा लाइटों की मरम्मत तक नहीं की जा रही है।

#### सभी मार्ग हो गए थे लाइटों से रोशन

शहर के सरकुलर रोड, अनाजमंडी रोड, मिनी बाइपास, गढ़ी बोलनी रोड, झज्जर रोड, सचिवालय के सामने, दिल्ली रोड, नारनौल रोड, मेन बाजार, ओवरब्रिज व बाइपास सहित सभी मार्गों पर स्ट्रीट लाइटें ठीक करने के साथ बिजली पोल पर लड़ियों के रूप में तिरंगा लाइटें लगाई गई थी, लेकिन अब कई मार्गों पर स्ट्रीट व तिरंगा लाइटें खराब हो चुकी है। स्ट्रीट लाइटों के बंद होने से रात के समय अंधेरे में हादसे होने का खतरा बना हुआ है। शहर के सड़कों पर रात के समय छाएं अंधेरे में तेज रफ्तार से गुजरते वाहन कई जगह डिवाइडर व स्ट्रीट लाइटों के पोल भी तोड़ चुके है।

### शटर खींचकर अंदर घुसा चोर

## स्टेशनरी की दुकान से 1.80 लाख रुपये चोरी कर ले गए चोर



रेवाड़ी। सीसीटीवी में कैद आरोपी चोरी करते हुए। फोटो :हरिभूमि

- भाड़ावास गेट चौकी पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल के पास स्थित स्टेशनरी की दुकान से चोर नकदी चोरी कर ले गए। भाड़ावास गेट चौकी पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है। पुरोहित की गली जीवली बाजार निवासी शंकर अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि उसकी गर्ल्स स्कूल के पास गिरधारी लाल मार्ग रोड पर गोयल सेल्स एजेंसी के नाम से दुकान है, जिस पर वह और उसके ताऊ का लड़का मोनू अग्रवाल बैठते है। 29 मार्च को सुबह करीब 8:45 बजे वह दुकान खोलकर बैठ गया। कुछ देर बाद उसकी नजजर खुले हुए गल्ले पर पड़ी। जब उसने गल्ले को चैक किया तो उसमें पैसे नहीं थे। उसने अपने छोटे भाई मोनू के पास फोन करके पूछा तो उसने बताया कि रात को पैसे गल्ले में ही रखे थे।

इसके बाद उसने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक की तो सुबह करीब 4:35 बजे दुकान के शटर के बाहर पांच व्यक्ति खड़े दिखाई दिए। उन्होंने शटर को पकड़कर अपनी तरफ खींचा और उनमे से एक व्यक्ति दुकान के अंदर गया। व्यक्ति ने गल्ले में रखे 1.80 लाख निकाले और बाहर आ गया। पुलिस ने केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## राजपूत समाज के असंख्य शूरवीरों ने भारत माता के लिए दी अपनी कुर्बानियां: लक्ष्मण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

- विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने रविवार को धारूहेड़ा में बनाए गए वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप पार्क के मुख्य गेट का उद्घाटन किया

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने रविवार को धारूहेड़ा में बनाए गए वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप पार्क के मुख्य गेट का उद्घाटन किया। राजपूत सभा धारूहेड़ा की ओर से मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मण यादव का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि राजपूतों के शौर्य गाथाएं आज भी सभी की जुबां पर हैं। राजपूत समाज के असंख्य शूरवीरों ने भारत माता के लिए अपनी कुर्बानियां दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास के ध्येय के साथ बिना भेदभाव विकास करा रही है। उन्होंने इस बार बजट सत्र में क्षेत्र की बड़ी मांगों व समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाया गया, जिसमे धारूहेड़ा से जुड़ी मैसानी बैराज के पानी की समस्या, सरकारी अस्पताल का दर्जा बढ़ाने तथा अन्यत्र स्थान पर स्थानांतरित किए जाने तथा धारूहेड़ा को उपमंडल का दर्जा दिए जाने की मांगे भी प्रमुख रही। रेवाड़ी की अनेकों मांगों को भी बजट सत्र में उठाया गया। राजपूत सभा धारूहेड़ा के अध्यक्ष सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर चरण सिंह ने बताया कि करीब छह माह पहले बैठक करके समाज के लोगों ने इस पार्क के गेट बनाने की बात रखी थी। राजपूत समाज की ओर से यह गेट बनवाया गया है। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने धारूहेडा में विकास कार्यो के लिए डेढ़ लाख रुपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर धारूहेड़ा नपा चेयरमैन कंवर सिंह यादव, नरेश चौहान, अजय कांटीवाल, किसान मोर्चा के अध्यक्ष अशोक कोसलिया, इंद्रपाल मुकदम, दीपक मंगला व संजय सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग एवं राजपूत सभा के प्रतिनिधि मौजूद थे।



रेवाड़ी। शिरोमणि महाराणा प्रताप पार्क के मुख्य गेट का उद्घाटन करते विधायक। फोटो :हरिभूमि

## 1.30 किलोग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सीआईए रेवाड़ी इंजार्ज निरीक्षक सुमेर सिंह की टीम ने 1 किलो 30 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला जिला महेंद्रगढ़ के गांव डैरोली हाल किरायेदार रामविहार कॉलोनी रेवाड़ी निवासी विशाल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नशीला पदार्थ गांजा भी बरामद किया है। गत 29 मार्च को सीआईए को सूचना मिली थी कि विशाल निवासी गांव डैरोली जिला महेंद्रगढ़ नशीला पदार्थ गांजा बेचने का काम करता है तथा आरोपी स्कूटी पर कर्नल रामसिंह चौक से होते हुए शहर में गांजा की सप्लाई करने के लिए जाएगा। सूचना पर पुलिस ने पुष्पांजली अस्पताल से कर्नल रामसिंह चौक की तरफ जाने वाली सर्विस लाइन पर नाकाबंदी करके आरोपी को काबू कर लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट को साथ लेकर आरोपी की स्कूटी की तलाशी ली गई तो स्कूटी की डिग्गी से 1.30 किलोग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना मॉडल टाउन थाने में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### आज माता के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की होगी आराधना

# चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा

- रंग-बिरंगी लाइटों से दुल्हन की तरह सजे माता के मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी





रेवाड़ी। बारा हजारी मंदिर में सजी मां दुर्गा की प्रतिमा, प्रथम नवरात्र पर दुर्गा मंदिर में माता की पूजा करते श्रद्धालु।

चैत्र नवरात्र के शुभारंभ पर शहर के मंदिरों में श्रृद्धालुओं की काफी भीड़ रही। मंदिरों में कलश स्थापना के साथ मां जगदंबा की पूजा अर्चना की गई। श्रृद्धालुओं ने अपने घरों में भी घट की स्थापना कर माता की चौकी लगाई। नवरात्र पर शहर के सभी मंदिरों को दुल्हन की तरह सजाया गया है। नवरात्रों के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मां भगवती के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा अर्चना की। दुर्गा मां के इस पर्व को मनाने के लिए शहर के कई मंदिरों में विशेष अनुष्ठान का आयोजन भी किया गया। मंदिरों में माता के अलग-अलग स्वरूपों का श्रृंगार किया जा रहा है। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ण करने की मन्नतें भी मांगी। शहर के बारा हजारी स्थित दुर्गा माता मंदिर, धारूहेड़ा चुंगी स्थित काली माता मंदिर, बड़ा तालाब स्थित मंसा माता मंदिर, नई बस्ती स्थित मंसा देवी मंदिर, सेक्टर-3 स्थित माता मंदिर, बारा पत्थर स्थित कालीमाता मंदिर व आर्य समाज रोड दुर्गामाता मंदिर सहित सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की अराधना की।

#### आज होगी मां ब्रह्मचारिणी की पूजा


मां दुर्गा की उपासना नवशक्तियों का दूसरा स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी का है। सोमवार को उपासक मां ब्रह्मचारिणी के स्वरुप की पूरे विधि विधान के अनुसार पूजा अर्चना करेंगे। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि मां ब्रह्मचारिणी का स्वरूप पूर्ण ज्योर्तिमय एवं अत्यंत भव्य है। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बाएं हाथ में कमंडल रहता है। अपने पूर्वजन्म में जब ये राजा हिमालय के घर में पुत्री के रूप में उत्पन्न हुई थी, तब नारद के कथन से इन्होंने भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठिन तपस्या की थी। एक हजार वर्ष उन्होंने केवल फल-फूल खाकर ही व्यतीत किए थे। मां दुर्गा का यह दूसरा स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देने वाला है। इनकी उपासना से मनुष्य में तप की आग, वैराग्य, सदाचार व संयम की वृद्धि होती है। मां की उपासना से कठिन संघर्षों में भी उपासकों का मन कर्तव्य पथ से विचलित नहीं होता। मां की कृपा से उपासकों को सर्वत्र सिद्धी और विजयी की प्राप्ति होती है।

### ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई बाइक, इलाज के दौरान युवक की मौत


**कसोला।** गढ़ी बोलनी रोड से घर जा रहे युवक की बाइक सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई, जिससे गंभीर चोट लगने से इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। गांव छुरियावास निवासी भगवान दास ने कसोला थाना पुलिस को बताया कि उसका भतीजे प्रेमप्रकाश का लड़का तरुण मजदूरी करता था। 28 मार्च को वह गुरुटेक सिटी से अपने घर छुरियावास जा रहा थ। जब रात करीब 8:30 बजे वह नए बाइपास रोड पर रेलवे फ्लाईओवर के नीचे से पहुंचा तो उसकी बाइक कुछ दूरी पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। परिवार के लोग उसे सरकारी अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान 29 मार्च को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# साहित्य

*मृत्यु तो प्रभु का आमंत्रण है। जब वह आए तो द्वार खोलकर उसका स्वागत करो और चरणों में हृदयधन सौंपकर अभिवादन करो।*
**- रविंद्रनाथ टैगोर**



*अंधेरी सुनसान रात में ऊपर से लेकर नीचे तक पसीने से नहाए उसके कदम लड़खड़ाकर, गिरने को हो गए। लेकिन तभी साये की मजबूत बांहों ने उसे कसकर थाम लिया तथा गिरने से बचा लिया। इस अकस्मात मदद से कुछ क्षण के लिए उसकी सांसें रुक गई तथा आंखों के आगे अंधेरा छा गया। इस घुप्प अंधेरे में साये की बाहों के मजबूत बंधन में उसे केवल वहशीपन की बू आ रही थी।*





कहानी
**अर्चना कोचर**

# शुभरात्रि

*संध्या के अचानक चिल्लाने से वह मुस्कुरा पड़ा और कंचे की तरह गोल घूमती मोटी-मोटी आंखों से उसे घूरने लगा। ऐसा लग रहा था जैसे वह अभी कपटी बाज की तरह उस पर झपटेगा और भूखे भेड़िए की भांति उसके जिस्म के टुकड़े-टुकड़े करके नोच डालेगा। वह भय के मारे बेहताशा भागने लगी, लेकिन उसने, उसके पीछे भागकर उसे पकड़ लिया और बाहों के पाश में भरकर अपने रुमाल से माथे का पसीना पोंछते हुए – 'आराम से चलिए, घबराइए नहीं ।' संध्या फिर से चिल्लाते हुए – 'आप मेरे पीछे क्यों पड़े हैं', जाते क्यों नहीं? मुझे मेरे हाल पर छोड़िए और जाइए यहां से। मैं आप जैसे चालबाज लुटेरों को बड़े अच्छे से जानती हूं। पहले किसी की मजबूरी पर हमदर्दी जताकर विश्वास हासिल कर लेते हो, फिर सब कुछ लूटकर चलते बनते हो।'*

दफ्तर से घर के रास्ते में अचानक कैब खराब हो गई। रात बड़ी अंधियारी और सड़क बिल्कुल सुनसान थी। घर और रास्ते की दूरी लगभग बीस किलोमीटर थी। भाई और पापा दोनों शहर से बाहर गए हुए थे। और-तो-और इंटरनेट भी गायब था। संध्या बदहवास सड़क पर पैदल पागलों की भाँति भागी जा रही थी और साथ-साथ चल रहा था वह घुप्प अंधेरा। तभी उसे ऐसा आभास हुआ जैसे कोई साया उसके साथ-साथ चल रहा है। परछाई होगी, समझ कर नजरअंदाज कर दिया। लेकिन तभी वह साया बिल्कुल करीब आ गया।

यह मन का वहम नहीं, अपितु हकीकत है। डर के मारे उसकी घिग्घी बंध गई । अंधेरी सुनसान रात में ऊपर से लेकर नीचे तक पसीने से नहाए उसके कदम लड़खड़ाकर, गिरने को हो गए। लेकिन तभी साये की मजबूत बांहों ने उसे कसकर थाम लिया तथा गिरने से बचा लिया। इस अकस्मात मदद से कुछ क्षण के लिए उसकी सांसें रुक गई तथा आंखों के आगे अंधेरा छा गया। इस घुप्प अंधेरे में साये की बाहों के मजबूत बंधन में उसे केवल वहशीपन तथा कंचे सी चमकती आँखों से वासना की बू नजर आ रही थी। तभी सुनसान को चीरती उसकी मधुर तथा धीमी आवाज, 'आप ठीक तो हैं।' संध्या ने मौन तथा सहज होते हुए स्वयं को उसके बंधन से आजाद किया । उसका वहीं सवाल फिर से, 'आप ठीक तो हैं।' संध्या ने बड़े धीमे से - हाँ, बोला। अब वह साया कदम-से-कदम मिलाकर उसके साथ-साथ चलने लगा। संध्या तेज-तेज कदमों से जितना दूर होने का प्रयास करती, वह उतना करीब आता जा रहा था। मानो संध्या के कदमों की गति से अपने कदमों के सुर-ताल मिला रहा हो। उसने फिर से सुनसान को चीरते हुए - 'इस वक्त इस सुनसान सड़क पर अकेले कैसे ?

डर के मारे संध्या के स्वर नहीं निकल पा रहे थे। उसके भय और चुप्पी को भांपकर उसने ढांढस बंधाते हुए - 'आप डरिए नहीं, इतनी सुनसान सड़क पर अकेली कैसे', लगती तो आप किसी सभ्य घर से है'?

डर के मारे संध्या के होठ सिल गए, जिह्वा तालू से चिपक गई, शब्द कंठ तक तो आ रहे थे, लेकिन निकल नहीं पा रहे थे। वह बस बदहवास भागी जा रही थी। जैसे बीस किलोमीटर की दूरी दो ही मिनट में पूरी कर लेगी । वह जिस तरह से साथ-साथ चल रहा था, उसके हैवान होने का शक संध्या के दिमाग पर उतना ही गहराता जा रहा था। अपने पर काबू पाकर वह सिर्फ दो ही शब्द बोल पाई - 'आप यहाँ से जाइए, मैं अपने-आप चली जाऊँगी।' उसने कहा - 'सड़क सुनसान है, घुप्प अँधेरा है, शहर यहाँ से लगभग बीस किलोमीटर की दूरी पर है । इस समय सड़क पर शायद ही कोई वाहन मिले। 'संध्या ने फिर से हिम्मत बटोरकर - "बोला ना, आप जाइए! मैं चली जाऊँगी ।" उसने कहा, "आगे थोड़ा जंगल का रास्ता है। इस समय जंगली जानवरों तथा अराजक तत्वों का खतरा होता है। आपके लिए अकेले वहां जाना सुरक्षित नहीं है।" संध्या ने मन-ही-मन, 'मैंने तुम्हारी आँखों में हैवानियत पढ़ ली है। अपने-आप को बड़े औरत के रखवाले और परम हितैषी समझते हो। मर्द परम हितैषी बनकर ही तो औरत को धोखा देते हैं। मैं तुम्हारे झांसे में नहीं आने वाली हूँ । क्यों उल्लू बना रहो'?

संध्या उससे जितना दूर भागने की कोशिश करती, वह उतना ही उसके साथ-साथ हो लेता। उसने फिर वहीं बात दोहरा दी - 'आपने अपना नाम नहीं बताया, इस सुनसान सड़क पर कैसे'?

'संध्या तुतलाते हुए - 'संध्या, कैब खराब हो गई थी'। फिर एकदम से चिल्लाकर - 'बस बता दिया सब कुछ', अब आप मुझे मेरे हाल पर छोड़कर यहां से जाइए।

संध्या के अचानक चिल्लाने से वह मुस्कुरा पड़ा और कंचे की तरह गोल घूमती मोटी-मोटी आंखों से उसे घूरने लगा। ऐसा लग रहा था जैसे वह अभी कपटी बाज की तरह उस पर झपटेगा और भूखे भेड़िए की भांति उसके जिस्म के टुकड़े-टुकड़े करके नोच डालेगा। वह भय के मारे बेहताशा भागने लगी, लेकिन उसने, उसके पीछे भागकर उसे पकड़ लिया और बाहों के पाश में भरकर अपने रुमाल से माथे का पसीना पोंछते हुए - 'आराम से चलिए, घबराइए नहीं ।' संध्या फिर से चिल्लाते हुए - 'आप मेरे पीछे क्यों पड़े हैं', जाते क्यों नहीं? मुझे मेरे हाल पर छोड़िए और जाइए यहाँ से। मैं आप जैसे चालबाज लुटेरों को बड़े अच्छे से जानती हूँ। पहले किसी की मजबूरी पर हमदर्दी जताकर विश्वास हासिल कर लेते हो, फिर सब कुछ लूटकर चलते बनते हो।' वह फिर मुस्कुराते हुए - "संध्या जी मेरा नाम गौरव है ।" उसने चिढ़ते हुए - "गौरव-सौरव या कुछ और, फिर मैं क्या करूं ?" वह ढिठाई से मुस्कुराते हुए - 'जी पक्का-पक्का गौरव ही है। 'अब पकड़म-पकड़ाई और नोकझोंक में काफी समय हो गया था। आगे का रास्ता सुनसान, अँधकारमय तो था ही, साथ में गहरे जंगल से घिरा था। संध्या के पास भी उसके साथ चलने के अलावा कोई चारा नहीं था। अतः उसने भी मन के भय को खत्म करके सहज होकर उसके साथ चलने में ही अपनी भलाई समझी। अब न वह कुछ बोला और न ही संध्या। वह दोनों चुपचाप रास्ते की दूरी नाप रहे थे । संध्या बीस किलोमीटर के रास्ते को कदमों से नाप रही थी और वह कदम-से-कदम मिलाकर उसका साथ निभा रहा था। पीछे से गाड़ी का हॉर्न सुनकर, अपने पास रुकता देख संध्या डर के मारे लड़खड़ा गई।

गौरव उसका हाथ पकड़कर उसे सड़क के किनारे ले आता है। तभी गाड़ी उनके पास आकर रुकती है और दरवाजा खुलता है। अंदर दो जन - एक ड्राइवर की सीट पर तथा एक पीछे बैठा था। गौरव उसे अंदर बैठने के लिए बोलता है, लेकिन वह चिल्लाना शुरू कर देती है - 'मैं आप जैसे कपटी-दगाबाज लोगों को बड़े अच्छे से जानती हूँ, पहले विश्वास जमाते हो, फिर गैंग में लूटते हो।' उसने मुस्कुराकर विनयपूर्वक उसे फिर से अंदर बैठने के लिए कहा। लेकिन संध्या के जोर-जोर से चिल्लाने पर गौरव ने उसके मुँह पर हाथ रखकर, उसे धक्का देकर गाड़ी के अंदर बैठा दिया। फटाफट दरवाजें बंद किए और गाड़ी चल पड़ी । संध्या बेचैन कभी भगवान को याद करती, कभी अपनी फूटी किस्मत को, 'इस कैब को भी आज ही खराब होना था, जब घर पर कोई नहीं है। आज तो तू लुटी-ही-लुटी या तो तेरा राम-नाम सत होगा या ताउम्र बदचलन, बेहया का ठप्पा और मीडिया की बेचारी बनी-बनी न जाने कहाँ-कहाँ मशहूर हो जाएगी?' तभी गौरव ने पूछा - 'कहां जाना है आपको?' संध्या की डर के मारे जुबान निकल ही नहीं रही थी। ऐसा लग रहा था जैसे उसने कुछ बोला है और इन्हें सुनाई नहीं दिया। गौरव ने फिर जोर से पूछा - "संध्या जी, मैं पूछ रहा हूँ, आपका घर कहां पर है ? " संध्या कुछ जवाब देती इससे पहले ही ड्राइवर - 'साहब, मैं तो गाड़ी फैक्ट्री के गैराज से निकालने गया था, इतनी देर में आप न जाने कहां गायब हो गए। मैं और सौरव साहब (पीछे बैठा व्यक्ति शायद गौरव का भाई होगा) बड़ी देर तक आपको फैक्ट्री के अंदर-बाहर ढूंढते रहे। आप फोन तो वहीं छोड़ आए और गाड़ी की चाबी भी साथ ले आए थे।

तभी गौरव जेब टटोलते हुए - 'ओह! बस वैसे ही पैदल चलने का मन हो आया था।' सौरव- 'गौरव, ऐसे कैसे तुम एकदम सुनसान सड़क पर अकेले पैदल बिना कुछ बताए चाबी जेब में डाले निकल आए'? 'यह तो शुक्र है आज दूसरी गाड़ी फैक्ट्री में खड़ी थी और हम निकल आए। तुम्हें पता है यह जंगल का रास्ता कितना सुनसान और खतरनाक है। अकेले और पैदल यहां कितनी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। भाई दो-चार किलोमीटर हो तो पैदल की सोचते, पूरा बीस किलोमीटर, वो भी जंगल, खतरों के खिलाड़ी बनने का इरादा है क्या?

गौरव - हूं। संध्या मन-ही-मन शायद मुझे सुनसान सड़क पर पैदल चलता देखकर यह साया मेरी हिफाजत में मेरी और आया होगा। तभी संध्या हिम्मत करके - 'गौरव जी, मुझे बस्तीपुरा जाना है।' गौरव ने ड्राइवर को गाड़ी बस्तीपुरा में घुमाने को बोला। बस्तीपुरा पहुंचकर संध्या को उसके घर के बाहर गेट पर उतारते हुए- अभी संध्या अपनी कृतज्ञता प्रकट करने ही वाली थी कि गौरव एकदम से मुस्कुरा कर - 'संध्या जी, सारे राहगीर चालबाज, भेड़िए और लुटेरे नहीं होते हैं। अच्छा चलते हैं, शुभरात्रि !

कविता **डॉ. बबिता सिंह**

## जीवन



*इंद्रधनुषी सतरंगी*
*झिलमिल हो नभ पंथ*
*कनक थाल में मेघ सजा हो*
*हो जीवन उद्गार प्रिय।*

*सुरमई शाम*
*आँगन में दीप*
*नूपुर की रुनझुन से ,*
*हो जीवन उद्गार प्रिय।*

*अंतर्मन भर पुलक*
*अरुण का सूर्य कलश*
*पाँव में महावर हो ,*
*हो जीवन उद्गार प्रिय।*

*अलि गूँजित मधुवन*
*सुधि से सुरभित स्नेह*
*स्पंदन ले अंक में ,*
*हो जीवन उद्गार प्रिय।*

*चिर अनमोल बंधन*
*प्रेम की परिधि*
*सागर की मोती सा,*
*हो जीवन उद्गार प्रिय।*

*अंबर में विद्युत*
*उर में है बादल*
*साँसों के सौरभ-सा,*
*हो जीवन उद्गार प्रिय।*

*मधुरता अलक्षित*
*स्वर्ग सा श्रृंगार*
*संगीत की झंकार से*
*हो जीवन उद्गार प्रिय।*

*पवन हौले मृदुल*
*पावस का पलक डोल*
*तारों की चाँदनी-सा,*
*हो जीवन उद्गार प्रिय।*

ग़ज़ल **कृष्ण गोपाल विद्यार्थी**

## इस ज़मीं का आदमी



इस ज़मीं का आदमी जब से ख़ुदा होने लगा।
ज़िन्दिगी का ज़ायका ही बदमज़ा होने लगा।

ये अमन के पोस्टर जब से लगे हैं शहर में,
हर गली, हर मोड़ पर एक हादसा होने लगा।

आदमी शायद अजायबघर में ढूंढा जाएगा,
गर शहर में आए दिन ये सिलसिला होने लगा।

बढ़ गये नाख़ून,जबड़ों से टपकता है लहू,
आजकल के आदमी को जाने क्या होने लगा।

रोशनी देने के बदले घर जलाते हैं चिराग़,
अब शहर में जंगलों सा वाकया होने लगा।

ग़ज़ल **पं. कमल कांत भारद्वाज**

## असली मुखौटा



सब कुछ बता दिया मेरा हाथ देख कर
ये सब बताया उसे मेरे साथ देखकर

मैं अकेला ही लड़ लूँगा अपने मुक़द्दर से
मुझे संभल जाना चाहिए दुश्मन की चाल देखकर

वो आया था मुझे मिलने मेरे सायबान में
वापस लौट गया मेरा हाल बेहाल देखकर

ये सब जैसे दिखते हैं तुम्हें वैसे है नहीं
चेहरों पे नक़ाब डाल लेते हैं माहौल देखकर

किसे बतायें 'कमल' फ़लसफ़े अपनी ग़ुरबत के
अपनो ने ही ख़ंजर चला दिया बदहाल देखकर



कविता
**राजेश भारती**

## एक दिन

एक दिन ऐसे ही बादल छूकर चला गया
धूप पत्तों पर ठिठकी, फिर लौट आई
हवा में गुनगुनाहट सी बिखर गई

सुबह की चाय में धुआँ उड़ा
खिड़की से झाँकती थी नन्ही चिड़िया
एक दिन ऐसे ही वक्त नर्म हो गया

गली के बच्चों की हँसी गूँजी
पेड़ की डाल पर सूरज झूलता रहा
मैंने चुपचाप समय को थाम लिया

शाम ने आकाश को गुलाबी रंग दिया
नदी किनारे चुपचाप लहरें सो गईं
एक दिन ऐसे ही दिल हल्का हो गया।



कविता
**इन्दू घणघस**

## पापा

उठते थे सवेरों से पहले,
सांझ को भी कहा चयन पाते थे।
मेरे कल की खातिर
अपने आज को भूल जाते थे।

सफलता की थपकी
विफलता का कंधा थे।
अंधेरी काली रात का,
चमकता चंदा थे।

बड़े सादे ख्याल थे उनके,
बड़ी सादि जिंदगानी थी।
अब तो ढल गया वो चांद,
उसकी चमक बड़ी नूरानी थी।

**साहित्य को समाज का दर्पण बताते हुए साहित्यकार कृष्ण लाल का कहना है कि आज के बदलते परिवेश में साहित्य की स्थिति चुनौतीपूर्ण है, जिसमें युवाओं में साहित्य के प्रति रुचि बेहद कम होना चिंता का विषय है। हर कोई गूगल या अन्य आधुनिक डिवाइसेज पर विश्वास करके पुस्तकों के पढ़ने में कम रुचि दिखा रहा है। साहित्य सर्जन के प्रति प्रेरित करने के लिए प्राइमरी स्कूल स्तर पर ही अथक प्रयास करने होंगे।**

साक्षात्कार **ओ.पी. पाल**

# प्रकृति व मानव के बीच दूरियां मिटाने में अहम साहित्य: कृष्ण

साहित्य और संस्कृति का समाज को नई दिशा देने में अहम योगदान माना गया है। इसी मकसद से लेखक, साहित्यकार एवं कलाकार अपनी अलग-अलग विधाओं में साहित्य साधना करते आ रहे हैं। ऐसे ही साहित्यकारों में शुमार कृष्ण लाल गिरधर ने साहित्यिक सफर में हिंदी, अंग्रेजी और हरियाणवी भाषा में अपनी कविताओं और आलेखों के माध्यम सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों को उजागर कर लोकप्रियता हासिल की है।

शिक्षाविद्, साहित्यकार एवं कवि कृष्ण लाल गिरधर ने हरिभूमि संवाददाता से बातचीत के दौरान कुछ ऐसे अछुए पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें साहित्य के जरिए प्रकृति और मानव के बीच में बढ़ती दूरियां मिटाना संभव है। वरिष्ठ साहित्यकार कृष्ण लाल गिरधर का जन्म 12 सितंबर 1961 को रोहतक के निकटवर्ती गांव मदीना में मनोहर लाल और मीराबाई के घर में हुआ। पिता एक दुकानदार थे। गांव में ही खेतों खलियान के बीच प्रकृति की गोद में बचपन बीता और उनकी प्राथमिक शिक्षा दीक्षा हुई। राजकीय उच्च विद्यालय मदीना से उन्होंने मैट्रिक पास की और हिंदू कॉलेज रोहतक से 1981 में बी.ए. की परीक्षा पास करने के बाद सर छज्जू राम कॉलेज हिसार में बी.एड.में दाखिला लिया। सन 1982 में बतौर गणित अध्यापक के रूप में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल निदाना, साल 2002 में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांपला और साल 2005 से सितंबर 2019 (सेवानिवृत्ति) तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मदीना में कार्यरत रहे। करीब बीस साल उन्होंने अंग्रेजी मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य किया।

अध्यापन के दौरान उन्होंने एम.ए.(पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन), एम.ए.(अंग्रेजी) और एमएड. की परीक्षाएं महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक से उत्तीर्ण की। दरअसल उनका परिवार भारत विभाजन के बाद अमृतसर और उसके बाद कुरुक्षेत्र से जिला रोहतक में आकर बस गया। उनके परिवार में किसी प्रकार का कोई साहित्यिक माहौल नहीं था। सन 1978 में कॉलेज समय के दौरान उन्होंने पहली कविता लिखी और हिंदू कॉलेज रोहतक की तरफ से उन्होंने गॉड कॉलेज रोहतक में काव्य पाठ प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। एक घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि जब वह अंग्रेजी परीक्षा की तैयारी अपने गांव के पास नहर पर स्थित एक पेड़ के नीचे बैठकर कर रहे थे कि अचानक लगभग 5 फीट लंबा कोबरा सांप उनके सामने से गुजरा और सीधा नहर से पानी पीकर वापस उनके आगे से ही गुजर गया, लेकिन उसने उसे कोई हानि पहुंचाई। बकौल कृष्ण लाल, यहां से उन्हें एक संदेश मिला, जो कि जॉन मिल्टन ने भी कहा कि वह अंधा हो गया है, लेकिन परमात्मा ने उन्हें लेखन कार्य दिया है वह तो उन्हें करना ही पड़ेगा, वरना आगे उसके दरबार में वह क्या जवाब देगा। इस प्रकार उन्हें अंदर से ही एक प्रेरणा मिली और फिर कलम उठाकर लिखना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि सबसे पहले सन 1995 में राज्य शिक्षक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम के जनसंख्या विभाग में मेरी दो हिंदी कविताएं प्रकाशित हुई। मार्च 2007 में 'मैं विकलांग नहीं हूं' शीर्षक कविता प्रकाशित हुई। साहित्यिक साधना में उनकी रचनाओं का फोकस पर्यावरण, सामाजिक कुरीतियों, मनुष्य का व्यवहार, मानवता, दया, सत्य, प्रेम करूणा आदि के भाव रहे है। अभी तक लगभग 60 हिंदी कविताएं प्रकाशित हैं और 100 कविताओं के कविता संग्रह पर काम जारी है। हरियाणवी भाषा में भी उन्होंने करीब 67 कविताएं लिखी, जिनमें से एक है 'शहर मह ताई' जो कि पर्यावरण पर कुठाराघात है, जो एनसीईआरटी गुड़गांव में भाषा प्रशिक्षण सेमिनार में सन 2005 में प्रस्तुत की गई। साहित्य साधना के अलावा कृष्ण लाल सामाजिक सेवा में भी सक्रिय हैं, जिन्होंने कोरोना काल के दौरान अज्ञात किडनी रोगी को स्वैच्छिक प्लाज्मा दान करके मानवीय भाव को प्रकट किया और समाज को जागरुकता के लिए महामारी के दौर में प्रकृति पोषण और मनुष्य और प्रकृति को लेकर कविताएं भी लिखी। भारत विकास परिषद जैसी सामाजिक संस्थाओं से जुड़े कृष्णलाल के लेख, कविताएं और विभिन्न पत्रिकाओं में भी प्रकाश होते आ रहे हैं।

### प्रकाशित पुस्तकें

साहित्यकार कृष्णलाल गिरधर की प्रकाशित अंग्रेजी भाषा की छह पुस्तकों में फीलिंग फेदर्स, लाइफ ( लिव, लव, लाफ़), लव एंड पीस तथा मी एंड माई अनसैड फिलिंग्स सुर्खियों में हैं। वहीं उनकी दो पुस्तकें नेचर नचर्स और मैन एंड नेचर कोरोना काल के दौरान लिखी गई, जबकि दो पुस्तकें महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक से संबन्धित प्रकाशित हुई हैं। इसके अलावा उन्होंने हिंदी साहित्य में करीब सौ कविताएं लिखी, जिनका संग्रह जारी है। उन्होंने 67 कविताएं हरियाणवी में लिखी हैं।



कृष्ण लाल गिरधर

### पुरस्कार व सम्मान

साहित्यकार कृष्ण लाल गिरधर को उनकी पुस्तक पर मेघालय के तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक से राज्यपाल पुरस्कार मिल चुका है। वहीं उन्हें अंतरराष्ट्रीय अंग्रेजी साहित्य के करीब 75 सम्मान पत्र (सर्टिफिकेट) मिले हुए हैं। हरियाणा साहित्य अकादमी से भी उन्हें पुस्तक मी एंड माई अनसैड फिलिंग्स के लिए पुरस्कृत किया गया। हरियाणा राज्य शिक्षण एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम ने भी उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम** : कृष्ण लाल गिरधर
**जन्मतिथि** :12 सितंबर 1961
**जन्म स्थान** : गांव-मदीना (रोहतक)
**शिक्षा** : एम.ए. (अंग्रेजी),एम.ए. (पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन),एम.एड
**संप्रति** : सेवानिवृत्त प्रवक्ता (अंग्रेजी), लेखक, साहित्यकार, कवि

# ऊर्जा देती है 'नई सोच के नये पंख'





**पुस्तक** : नई सोच के नये पंख
**कवि** : हरीश चंद्र झंडई
**मूल्य** : 250 रुपये
**प्रकाशक** : बोधि प्रकाशन

पुस्तक समीक्षा **शशि कांत चौहान**

वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. हरीश चंद्र झंडई का काव्य संग्रह 'नई सोच के नए पंख' पाठकों को नई ऊर्जा प्रदान करती है। इस संग्रह की रचनाएं नया करने की ऊर्जा प्रदान करने के साथ-साथ वर्तमान के बदलते युग और भविष्य में आने वाली चुनौतियों के प्रति आगाह करती हैं। यूं तो आज का मानव हर क्षेत्र में तरक्की कर चुका है, परन्तु इन सबके बीच कहीं न कहीं मानवता का ह्रास हो गया है।

डॉ. झंडई की पूर्व प्रकाशित संग्रह नये रास्ते नई डगर, नई सोच के नये रंग, नया सवेरा में भी युवा पीढ़ी को कुछ नया करने का संदेश देते रहे हैं। प्रस्तुत संग्रह की शीर्षक कविता के माध्यम से भी कवि पाठकों को जीवन की तमाम चुनौतियों के बीच, संकीर्ण विचारों को छोड़कर नई उड़ान भरने का आह्वान करता है। जब इंसान नई सोच रखता है, तभी वह बाधाओं पर पार पा सकता है।

'नई सोच के नये पंख' में कुल 80 कविताएं हैं। इन कविताओं में रचनाकार ने भारत के इतिहास से लेकर विश्व की वर्तमान अवस्था, युद्ध के मुहाने पर खड़ी दुनिया, गिरते मानवीय मूल्यों जल संकट, पर्यावरण प्रदूषण, सता लोलूपता और नारी-विमर्श प्रधानता दी है। इतना ही नहीं कवि ने अपने संग्रह की अंतिम कविता 'प्यार की जिंदगी पत्नी है' में जीवन में पत्ती के महत्व को बहुत सुंदर शब्दो में पिरोया है। नई दुनिया में कवि ने एक ऐसी दुनिया की कल्पना की है जिसमें अहंकार, जात-पात की भावना न हो बल्कि संस्कारों की भावना, मानवता और रिश्तों का सम्मान हो। संकट के मुहाने पर खड़ी दुनिया' के माध्यम से कवि ने दुनिया में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के खतरे के प्रति आगाह किया है। 'लौट आये मेरा बचपन' कविता के मानवीय रिश्तों के टूटने का दर्द उभारा है कि किस तरह बचपन हंसता खेलता था और आज परिवार के बुजुर्गो में एकाकीपन है और खुशियों के पर अब नहीं मिलते हैं। आया राम गया राम की बेला' आज की राजनीति की हकीकत बयां करती है। डॉ. हरीश चन्द्र झंडई ने महिला सशक्तीकरण पर भी लेखनी चलाई है। इसमें बेटी की आगे बढ़ने की चाह को उजागर करती कविता के साथ-साथ बेटियों को मजबूत बनने का आह्वान किया है। इसके साथ ही 'मनकों की माला को बिखरने न दो' समाज को एकजुट रहने का संदेश देती है। जिन्दगी है संघर्ष की तपिश हार न मानने और संघर्ष करने का आह्वान है। कुल मिलाकर डॉ. हरीश चन्द्र झंडई 'नई सोच के नये पंख' के माध्यम से अपना संदेश देने में सफल रहे हैं। पुस्तक का आवरण भी प्रशंसनीय है।

## खबर संक्षेप

### नवरात्रों पर मीट की दुकानें बंद करने की अपील

**नाहड़।** गोरक्षा दल ब्लॉक नाहड़ के प्रधान डा. तुषार ने कहा कि हिंदू धर्म के अनुसार माता के नवरात्र के पर्व को बड़ा ही पवित्र पर्व माना जाता है। देश व समाज में हिंदुओं की माता के प्रति अगाढ़ आस्था है। यह पर्व माता की आस्था का पर्व है। इस पर्व पर सभी माता के नौ स्वरूपों की आराधना करते हैं तथा शांति खुशहाली व प्रेम की वंदना करते हैं। उन्होंने नाहड खंड के सभी दुकानदारों से माता के नवरात्र समाप्ति तक मीट की दुकानें बंद रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी की आस्था व भावनाओं को ध्यान रखते हुए नौ दिन अपनी दुकानों को बंद रखे ताकि किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचे।

### पंचमुखी-हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ 12 को

**रेवाड़ी।** सेक्टर-1 सोलहराही स्थित पंचमुखी-दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में 12 अप्रैल को हनुमानजी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सुबह 9:15 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद सुबह 11:15 बजे बाबा के भंडारे का प्रसाद वितरित किया जाएगा। हनुमानजी के जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर में शाम 7:15 बजे केक काटकर प्रसाद वितरित किया जाएगा। पंचमुखी-दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिवार ने शहर वासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा पांच अप्रैल को

**नारनौल।** सैनिक स्कूल में कक्षा छह व नौवीं में प्रवेश पाने के इच्छुक छात्रों के लिए परीक्षा पांच अप्रैल को निर्धारित है। यह परीक्षा पेन व पेपर आधारित मोड़ में आयोजित की जाएगी। कक्षा छह के लिए परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम 4:30 बजे तक, जबकि नौवीं क्लास के लिए यह परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी कर दिए है। एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए है। इस परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले छात्र छात्राएं आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगइन करके प्रवेश पत्र को डाउनलोड कर सकते है।

### बाबा रामसुख दास महाराज का मेला 6 को

**मंडी अटेली।** गांव कांटी खेड़ी में बाबा रामसुख दास महाराज मेला 6 अप्रैल को रामनवमी पर आयोजित किया जाएगा। बाबा रामसुख दास के मेला में विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं होंगी। बच्चों की 100 मीटर दौड़ से लेकर 1500 मीटर तक की दौड़ करवाई जाएंगी। रस्साकसी में प्रथम इनाम 5100 रुपये एवं द्वितीय इनाम 3100 रुपये दिया जाएगा। कुश्ती 5100 रुपये से लेकर 51 हजार तक करवाई जाएगी।

### जान से मारने की धमकी देने पर दो नामजद

**मंडी अटेली।** लावणी कर अपनी पत्नी के साथ घर आ रहे युवक के पीछे मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने दो नामजद पर मामला दर्ज किया है। कांटी निवासी रविन्द्र कुमार ने बताया कि वह और उसकी पत्नी ऊषा घर आ रहे थे। कांटी बहरोड़ रोड पर उनके गांव के प्रेम व लीला दोनों ने मोटर साईकिल पर उनका पीछा किया।

---

### एसपी ने की हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन के अधिकारियों के साथ बैठक

# तेल डिपो पर अच्छी क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगवाएं : गुप्ता

### पाइप लाइन पर निरंतर निगरानी करें : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें जिले से गुजरने वाली भूमिगत तेल पाइपलाइन रामामंडी-रेवाड़ी कानपुर की सुरक्षा एवं तेल डिपो पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा की गई।

बैठक में एचपीसीएल के अधिकारियों की ओर से पाइपलाइन एवं इसकी सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। एचपीसीएल की ओर से पाइपलाइन की सुरक्षा के लिए एचपीसीएल व पुलिस के आपसी सहयोग व लगातार तालमेल बनाए रखने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर पाइप लाइन को नुकसान पहुंचाने व चोरी के मामले में तुरंत मौके का मुआयना करने, जांच रिपोर्ट, आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने पर चर्चा की गई। एसपी डा. मयंक गुप्ता ने एचपीसीएल के अधिकारियों को जिला पुलिस की ओर से तेल पाइपलाइन की सुरक्षा के लिए पूर्णतया सहयोग करने का आश्वासन दिया गया।

इस अवसर पर एसपी ने कहा कि तेल डिपो व तेल पाइप लाइन पर सुरक्षा से सम्बंधित कोई भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। पुलिस जिले के सभी तेल डिपो व पाइप लाइन की सुरक्षा को लेकर सतर्क है। बैठक में डीएसपी सिटी जोगेंद्र शर्मा, डीएसपी बावल सुरेंद्र श्योराण, डीएसपी कोसली विद्यानंद, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के उप महाप्रबंधक राजेश बरियार, मैनेजर अमित कुमार, सहायक प्रबंधक ओमप्रकाश नेठवाल व पाइप लाइन सुरक्षा इंचार्ज निनाद देवरे सहित सभी थाना प्रभारी भी मौजूद थे।


रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित एसपी व एचपीसीएल अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**कर्मियों को मॉकड्रिल का अभ्यास कराएं**

इस अवसर पर एसपी डा. मयंक गुप्ता ने आयल कार्पोरेशन के अधिकारियों को कंपनी की पाइप लाइन पर निरंतर निगरानी करने तथा तेल डिपो पर अच्छी क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि तेल पाइप लाइन से छेड़छाड़ या टेंकरों से तेल चोरी की कोई भी सूचना मिलती है तो तुरंत पुलिस को सुचित करे। तेल डिपो पर सुरक्षा से संबंधित सभी अच्छे यंत्र होने चाहिए। समय-समय पर तेल डिपो पर नियुक्त कर्मचारियों को मॉकड्रिल का अभ्यास कराना चाहिए। समय-समय पर सीसीटीवी कैमरों की वर्किंग व स्टोरेज की भी जांच करें।

---



रेवाड़ी। आमजन को नशे को लेकर जागरूक करते पुलिस अधिकारी।

# नागरिकों को नशे से दूर रहने के लिए किया गया जागरूक

- हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख ओपी सिंह के मार्गदर्शन, एसपी पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व और डीएसपी गजेंद्र शर्मा की देखरेख में हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा समाज को नशे के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

युवा पीढ़ी नशे के प्रति समाज की सबसे संवेदनशील कड़ी है। एचएसएनसीबी रेवाड़ी यूनिट की ओर से आईओसी चौक व धारूहेड़ा चुंगी पर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया गया।

इंचार्ज एसआई बलवंत सिंह ने युवाओं, मजदूरों व अन्य व्यक्तियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। अभियान के दौरान आमजन को एचएसएनसीबी की अनूठी पहल नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन- बेकैट चलेंज के बारे में जानकारी दी गई। जिस तरह हम अपने घर से गंदा पानी बाहर फेंकते है, उसी तरह हमे नशे को अपने समाज से बाहर फेंकना है।

---

# छात्रों ने ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम में लिया प्रशिक्षण

- आईटी व बैंकिंग के विद्यार्थियों को दक्षता प्रदान करना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर के विद्यार्थियों ने चार दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त किया।

मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि विद्यालय में चल रहे वोकेशनल कोर्स आईटी और बैंकिंग में विद्यार्थियों ने चार दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त किया। आईटी के 80 विद्यार्थियों ने आईटी प्रभारी सीमा देवी के नेतृत्व में गुरावड़ा स्थित सीएससी सेंटर तथा बैंकिंग के 85 विद्यार्थियों ने बैंकिंग प्रभारी सुमित्रा देवी के नेतृत्व में सरकुलर रोड स्थित द रेवाड़ी सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक में प्रशिक्षण प्राप्त किया।प्राचार्य मनोज कुमार ने विद्यालय के 165 विद्यार्थियों के दल को रवाना करते हुए बताया कि ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विषय से संबंधित दक्षता प्रदान करना है। ऑन जॉब ट्रेनिंग में विद्यार्थियों के अपने अनुभव से सीखने के साथ-साथ उनके ज्ञान और कौशल में वृद्धि होती है। नए प्रोजेक्ट के बारे में सोचने की शक्ति का विकास होता है तथा विभिन्न प्रकार के व्यवसाय की जानकारी मिलती है।

एनएसक्यूएफ के अंतर्गत व्यासायिक कोर्स के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में उद्योग संबंधी कौशल विकसित करने के साथ-साथ व्यवसाय की शिक्षा की भी व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बैंक मैनेजर अनिल कुमार, स्टाफ मित्रपाल, पूनम देवी, गुरावड़ा सीएससी सेंटर इंचार्ज सोनू बाला, ऑपरेटर पूजा रानी, प्रवक्ता सत्ते सिंह, सोमबीर यादव, विक्टोरिया यादव, डा. सुविधा यादव, नेहा शर्मा, मीनाक्षी चुग, पूनम देवी, अध्यापक मुकेश कुमार व नरेंद्र सिंह ने सहयोग दिया।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों के दल को ऑन जॉब ट्रेनिंग के लिए रवाना करते प्राचार्य।

---

*जंक फूड न खाने की सलाह दी*

# सुधराना में आमजन को दांतों की देखभाल के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़

राजकीय स्वास्थ्य केंद्र लिलोढ की टीम ने आंगनबाड़ी केंद्र सुधराना में राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत लोगों को दांतों की देखभाल और बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया।

डा. मनीष कुमार एसएमओ नाहड़ के मार्गदर्शन में डेंटल सर्जन डा. दीक्षा शर्मा की अगुवाई में टीम सदस्यों ने लोगों तथा बच्चों के लिए मौखिक स्वास्थ्य कैंप लगाकर जागरूक किया तथा उनके दांतों का चेकअप भी किया। डेंटल सर्जन डा. शर्मा ने बुजुर्गों को बताया कि वृद्धावस्था में दांतों की देखभाल बहुत जरूरी है।

दांतों की अच्छी देखभाल से वृद्ध व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने बताया की बुजुर्ग लोग दातों की समस्या पर ध्यान नहीं देते हैं, जो आगे चलकर बीमारियों का कारण बनते हैं। उन्होंने बच्चों को प्रोसेस फूड या जंक फूड न खाने की सलाह दी।


रेवाड़ी। ग्रामीणों को जानकारी देते हुए डा. दीक्षा शर्मा। फोटो : हरिभूमि

---

# परम्पराओं का स्मरण जरूरी : शिवपुरी

- बाबा मुक्तेश्वरपुरी मठ में नव संवत्सर पर हवन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली गांव के बाबा मुक्तेश्वरपुरी मठ में रविवार को नव संवत्सर पर हवन का आयोजन किया गया। हवन-यज्ञ पंडित हरिराम ने सम्पन्न कराया। इस अवसर पर बाबा शिवपुरी महाराज ने कहा भारत एक प्राचीन और ऐतिहासिक देश है, जिसकी संस्कृति एक महान विरासत संजोए हुए है।

उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति एवं परम्पराओं का स्मरण करना अत्यंत आवश्यक है। यज्ञ हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने ग्रामीणों को हिंदू नववर्ष की बधाई दी तथा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सरपंच रामकिशन, सूबेदार महेंद्र सिंह, ओमप्रकाश डाबला, नरेंद्र सिंह यादव, पंडित गुरूदत्त, शीला देवी, कैप्टन चांद सिंह, रामचंद्र यादव, चेयरमैन विजय आजाद, रामसिंह, रिंकू कोसलिया, अर्जुन सिंह, रतन कुमार एडवोकेट, सुरेंद्र सिंह, ईश्वर सेठ, रविंद्र सेठ व डीएसपी सत्यवान यादव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।


रेवाड़ी। मुक्तेश्वरपुरी मठ में आयोजित हवन में भाग लेते ग्रामीण।

---

# नव संवत्सर पर सीहा स्कूल में किया हवन

- अभिभावकों ने की नए सत्र की योजनाओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा में रविवार को नव संवत्सर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आध्यात्मिक-विचारक महंत स्वामी नरोत्तम दास महाराज की अगुवाई में हवन-यज्ञ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के पांच गांवों के अभिभावकों ने नए शैक्षणिक सत्र की परियोजनाओं पर विचार विमर्श भी किया।

कार्यक्रम में पूर्व सरपंच विक्रम पांडे ने मुख्य अतिथि, वर्तमान सरपंच सरिता यादव, धवाना के सरपंच बाबूलाल यादव, मसीत के सरपंच अशोक यादव व युवा चेतना संगठन के प्रधान नरेश भारद्वाज ने विशिष्ट अतिथि तथा स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान नरेश यादव ने स्वागत अध्यक्ष व प्राचार्य साहित्यकार सत्यवीर नाहड़िया ने यजमान की भूमिका निभाई। सेवानिवृत्त प्राध्यापक राजसिंह आर्य के संयोजन में हुए कार्यक्रम में पांच गांवों के सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा अभिभावकों ने नए शैक्षणिक सत्र में दाखिला बढ़ाने, गुणात्मक सुधार करने, जीरो ड्रॉप आउट करने तथा विद्यालय को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बनाने पर चर्चा की। क्षेत्र के सभी पूर्व तथा वर्तमान सरपंचों, नंबरदारों, शिक्षाविदों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विद्यालय के संरक्षक बनने का संकल्प लिया। इस मौके पर स्वामी नरोत्तम दास ने नव संवत की शुभकामनाएं दीं।


रेवाड़ी। नव संवत पर सीहा स्कूल में हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**इन्होंने रखे विचार**

हिंदी अध्यापक शक्ति सिंह के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में कवि नाहर सिंह, नंबरदार आनंदपाल सिंह, कोच होशियार सिंह, वेद प्रधान, सूबेदार मेजर हरपाल सिंह, कैप्टन सत्यनारायण, हेड मास्टर रामकुमार, कमांडेंट होशियार सिंह, मामचंद, लीलूराम, रामौतार, चंदगीराम विकास यादव व संदीप ने अपने विचार एवं सुझाव रखे। सरपंच प्रतिनिधि दीपक यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

---

# शोभापुर में ग्रामीणों ने किया 33 केवी पॉवर हाउस पर प्रदर्शन

- ग्राम पंचायत को 20 साल से नहीं मिला जमीन का मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव शोभापुर के ग्रामीणों ने गांव के 33 केवी पावर हाउस पर बैठक कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों कहा कि उन्होंने पावर हाउस के लिए सरकार को जमीन दी थी, लेकिन आज तक उसकी रजिस्ट्री नहीं हुई है। जिसके कारण ग्राम पंचायत को 20 साल से मुआवजा नहीं मिला है। वहीं ग्रामीणों ने पावर हाउस पर दो लाइनमेनों की नियुक्ति की मांग भी की। इस अवसर पर ग्रामीण बिजेंद्र पूर्व सरपंच, सतबीर पंच, हरिसिंह, महेंद्र सिंह, राजेश, कैप्टन वीरेंद्र सिंह, गजराज, इंद्र सिंह, राव गजराज, ब्रह्मप्रकाश, सुरेश शर्मा, मोनू, बाबूलाल ने बताया कि वर्ष 2005 में दो एकड़ जमीन बिजली निगम को 33 केवी पावर हाउस के लिए अपनी उपजाऊ व कीमती जमीन दी थी। जिसकी निगम की उदासीनता के कारण आज तक रजिस्ट्री नहीं हो पाई है।

आज भी राजस्व विभाग में यह जमीन पंचायत के नाम अंकित है। ग्रामीणों ने चेतावनी भी दी है कि यदि उन्हें उक्त जमीन का उचित मुआवजा नहीं दिया तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।



---

# शहर को सुंदर बनाने में सहयोग करें

- डीएमसी राहुल मोदी ने अवैध विज्ञापन हटवाने के दिए आदेश
- अवैध विज्ञापन चस्पा कराने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीएमसी राहुल मोदी ने नागरिकों से सार्वजनिक स्थलों तथा सरकारी संपत्ति अथवा बिना इजाजत किसी के घरों व दुकानों की दीवारों पर किसी भी प्रकार का पोस्टर, पंपलेट, बैनर चिपकाकर उन्हें विरूपित न करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में आमजन अपना सहयोग करें। डीएमसी राहुल मोदी ने नगर परिषद रेवाड़ी, नगर पालिका बावल व धारूहेड़ा की ओर से शहरी क्षेत्र में अवैध विज्ञापन चस्पा कराने वालों को तुरंत अवैध विज्ञापन हटवाने के आदेश जारी किए गए हैं, अन्यथा उनके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी।


डीएमसी राहुल मोदी।

**छह महीने तक की कैद**

डीएमसी ने कहा कि सरकारी संपत्ति पर विज्ञापन चस्पा करवाना कानूनी अपराध है। नियमों की अवहेलना करने वालों पर छह महीने तक की कैद या दस हजार रुपए तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

---

**कार्यक्रम** लावण्या फाउंडेशन की ओर से बाल भवन में दो दिवसीय नाट्य उत्सव का आयोजन

# ‘काली सलवार’ नाटक के सजीव मंचन और प्रभावी संवाद ने दर्शकों को किया भावविभोर

### डा. देशराज मीणा को नाट्य उत्सव के लिए सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लावण्या फाउंडेशन की ओर से मॉडल टाउन स्थित बाल भवन में दो दिवसीय नाट्य उत्सव के पहले दिन मंटो की प्रसिद्ध कहानी ‘काली सलवार’ नाटक का मंचन किया गया। यह नाटक मोनालिसा दास के निर्देशन में प्रस्तुत किया गया।

हिंदी भाषा में करीब 80 मिनट के नाटक ने दर्शकों को झकझोर कर रख दिया। नाटक ‘काली सलवार’ एक वेश्या के जीवन की करुण गाथा को दर्शाता है। कहानी की नायिका सुल्ताना का सपना है कि मुहर्रम के दिन वह काली सलवार पहने। उसकी यह मामूली-सी ख्वाहिश समाज की सच्चाइयों और विषमताओं के बीच दम तोड़ती दिखती है। मंटो की लेखनी के तीखे व्यंग्य और मानवीय संवेदनाओं को नाटक में प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। नाटक में कलाकारों की सशक्त अदाकारी, प्रभावी संवाद और सजीव मंचन प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। प्रकाश व संगीत संयोजन ने नाटक के भाव को और गहरा किया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रदीप यादव ने किया। जिला बाल कल्याण अधिकारी विरेन्द्र यादव, अनिल कौशिक पूर्व निदेशक हरियाणा कला परिषद व वरिष्ठ रंगकर्मी सतीश मस्तान ने डा. देशराज मीणा को विश्व के सबसे बडे 100 दिवसीय नाटय उत्सव के सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर सम्मानित किया।


रेवाड़ी। बाल भवन में नाटक का मंचन करते कलाकार।

**नई प्रतिभाओं को मंच देना उत्सव का प्रमुख उद्देश्य**

मुख्य अतिथि एडवोकेट रेखा अग्रवाल उपाध्यक्ष अखिल भारतीय वैश्य महिला समिति ने लावण्या फाउंडेशन को नाट्य उत्सव के आयोजन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से न केवल युवाओं के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है, बल्कि अपनी संस्कृति को नजदीक से पहचानने का मौका भी मिलता है। उन्होंने युवाओं को इस प्रकार के आयोजन में बढ़ चढ़कर भागीदारी करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए नया सोचने की आवश्यकता है। राष्ट्र निर्माण का दायित्व उनकी जिम्मेदारी है, जिसे कड़ी मेहनत करके पूरा किया जा सकता है। संस्था के प्रधान दीपक कुमार ने कहा कि नई प्रतिभाओं को मंच देना इस उत्सव का प्रमुख उद्देश्य है। इस अवसर पर मनोज यादव, सुनील भारद्वाज, विजय भटोटिया, सविता मदान, संगीता, आदित्य डाटा, रोहित सैनी, सागर सैनी, रजत, प्रतिक, सिमरन, अंजली, पूर्वी, नीरू व निर्मला मौजूद थे।

---

# ब्रेस्ट व सर्वाइकल कैंसर पर आईजीयू में दिया व्याख्यान


रेवाड़ी। मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए प्रोफेसर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में यूथ रेडक्रॉस इकाई की ओर से कोऑर्डिनेटर डा. समृद्धि के नेतृत्व में ब्रेस्ट एंड सर्वाइकल कैंसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता डा. जयप्रकाश सीनियर कंसल्टेंट व सर्जन ऑनकोलॉजी और डा. ज्योति पन्नू रेडिएशन ऑनकोलॉजी फोर्टिस अस्पताल रही। यूथ रेडक्रॉस काउंसलर डा. जसविंदर सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई।

मुख्य वक्ता डा. पन्नू ने विद्यार्थियों को ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारी के बारे में जागरूक किया। डा. जयप्रकाश ने कैंसर से संबंधित रोकथाम और उपचार के बारे में बताया।

## खबर संक्षेप



### चोरी की बाइक सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** भाड़ावास गेट चौकी पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव बेरली खुर्द निवासी अतुल उर्फ डन्नी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। राजस्थान के गांव कर्मपुर निवासी छात्र लक्ष्य ने 25 जुलाई 2023 को अपनी बाइक अहीर कॉलेज की पार्किंग में खड़ी की थी, जिसे कोई व्यक्ति चोरी करके ले गया था। पुलिस ने शनिवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी गांव बेरली खुर्द निवासी अतुल उर्फ डन्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



### जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी काबू

**बावल।** बावल थाना पुलिस ने गांव पनवाड निवासी एक व्यक्ति को देशी कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव पनवाड़ निवासी नरेश उर्फ नरिया के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी कट्टा बरामद किया है। गांव पनवाड़ निवासी हुकम सिंह गत 26 मार्च को अपने खेत में फसल सरसों काटने जा रहा था। इस दौरान रास्ते में उसके गांव का नरेश उर्फ नरिया ट्रैक्टर पर आया और उसे देशी कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर राजस्थान की तरफ भाग गया। जांच के बाद पुलिस ने शनिवार को मामले में संलिप्त आरोपी नरेश उर्फ नरिया को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी कट्टा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### बॉक्स चोरी करने के बाद खाली कर खेतों में फेंके

**कुंड।** बोड़िया कमालपुर में शनिवार की रात चोर एक मकान के कमरे से दो बॉक्स चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। वहीं पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति के मकान में भी चोरी की वारदत को अंजाम दिया गया है। पुलिस शिकायत में हुकमचंद ने बताया कि शनिवार की रात वह घर की बैठक में सोया हुआ था। साथ वाले कमरे में उसके दो बॉक्स रखे हुए थे, जिनमें नकदी, जेवरात व महिलाओं के कपड़े थे। रात को करीब 3 बजे जब वह उठा तो मकान का गेट खुला हुआ मिला। उसने कमरे में जाकर देखा तो दोनों बॉक्स गायब मिले। उसने अपने बेटे को बॉक्स गायब होने के बारे में बताया। पुलिस को फोन करने के बाद उसने और उसके बेटे ने बॉक्स तलाश किए, तो वह खेतों में पड़े हुए थे। चोर बॉक्स से जेवरात चोरी कर ले गए।

### आज अन्य दिनों की तरह खुले रहेंगे सभी कार्यालय

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन अनुसार 31 मार्च को राजपत्रित अवकाश की जगह अब वैकल्पिक अवकाश रहेगा। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि 31 मार्च को वित्तीय वर्ष 2024-2025 का समापन दिवस होने के कारण हरियाणा सरकार ने 31 मार्च को राजपत्रित अवकाश की जगह वैकल्पिक अवकाश घोषित किया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को अन्य दिनों की तरह सभी सरकारी कार्यालय खुले रहेंगे।

## कैबिनेट मंत्री आरती राव ने शहीद परिवार सम्मान समारोह में की शिरकत

# कोसली के अनेक शूरवीरों ने देश की रक्षा के लिए न्यौछावर किए प्राणः आरती राव

**खास बातें**

- शहीदों की वीर भूमि में जन्म लेकर फख्र है हमें : मंत्री आरती सिंह राव
- कोई सरकार जनकल्याण की भावना से काम करती है तो वह तीसरी बार भी सत्ता में आ सकती है





रेवाड़ी। शहीद स्मारक का उद्घाटन करते हुए तथा रक्तदाताओं का सम्मान करते हुए आरती राव। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी/कोसली

प्रदेश की स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि अगर कोई सरकार जनकल्याण की भावना से काम करती है तो वह तीसरी बार भी सत्ता में आ सकती है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बनी वर्तमान राज्य सरकार ने यह साबित कर दिया है।

कैबिनेट मंत्री आरती राव रविवार को जाटूसाना पंचायत समिति की ओर से आयोजित शहीद परिवार सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रही थी। उन्होंने कहा कि दक्षिण हरियाणा की जनता ने हमेशा से उनके परिवार का साथ दिया है और उसी की बदौलत उन्हें अपने क्षेत्र की सेवा करने का अवसर मिला है। स्वास्थ्य मंत्री ने शहीद परिवारों के सदस्यों को सम्मानित करते हुए कहा कि कोसली हलके के अनेक शूरवीरों ने अपने प्राण भारत मां की रक्षा के लिए न्यौछावर कर दिए। हमें सदा उन पर गर्व रहेगा।

उन्होंने पंचायत समिति जाटूसाना की तरफ से रखी गई मांगों को पूरा कराने का आश्वासन भी दिया। आरती राव ने कहा कि सरकार दक्षिण हरियाणा के विकास के प्रति दृढ़ निश्चय से काम कर रही है। कैबिनेट मंत्री आरती राव ने कोसली विधायक अनिल यादव के साथ जाटूसाना ब्लॉक में शहीद स्मारक सहित 2.10 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन भी किया।

आरती राव ने स्वास्थ्य विभाग तथा जिला रेडक्रास सोसायटी की ओर से आयोजित रक्तदान एवं चिकित्सा जांच शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर कोसली के विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मंत्री आरती सिंह राव की अगुवाई में हरियाणा की जनहितैषी सरकार बगैर किसी भेदभाव के सभी हलकों का समान रूप से विकास कर रही है। विकास के मामले में जाटूसाना और कोसली का इलाका भी पीछे नहीं रहेगा।

### पानी मानव जीवन के लिए सबसे अनमोल

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने विधायक अनिल कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना पोपली, जिला परिषद चेयरमैन मनोज यादव, पंचायत समिति चेयरमैन सरोज कुमारी व अन्य पंचायत प्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा। मंत्री आरती राव ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री की बातों का अनुसरण करते हुए वर्षा के जल का संचयन करना चाहिए। पानी मानव जीवन के लिए सबसे अनमोल तत्व है।

### पूर्व सैनिकों व ग्राम पंचायतों ने रखी मांगें

कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव और कोसली विधायक का जाटूसाना, गांव जाहिदपुर व आसियाकी में पगड़ी व फूलमालाओं से स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ता प्रवीन कुमार, मुकेश कुमार, महेश कुमार और सुरेश कुमार ने कार्यक्रमों का संयोजन किया। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों, ग्राम पंचायतों ने स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष अपनी मांगे रखीं। कैबिनेट मंत्री ने सभी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एसडीएम विजय कुमार यादव, सीएमओ डा. नरेंद्र दहिया, बीडीपीओ कविता, जाटूसाना पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन बिक्रम सिंह, नाहड़ ब्लाक समिति के चेयरमैन दुष्यंत सिंह, डहीना चेयरमैन कर्मपाल यादव, विकास व रोहित सहित पार्टी कार्यकर्ता व गणमान्य लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

- गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला फिरोजाबाद के मुरली नगर निवासी सुरेन्द्र यादव उर्फ सोनू के रूप में हुई है

# यूट्यूब से वीडियो हटाने के नाम पर ठगी करने का आरोपी काबू

- पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी जिला नूंह के गांव तिरवाड़ा निवासी मुनसाद को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने यूट्यूब से वीडियो हटाने का झांसा देकर ठगी करने के मामले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला फिरोजाबाद के मुरली नगर निवासी सुरेन्द्र यादव उर्फ सोनू के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। 6 जनवरी 2023 को शहर के मोहल्ला रामसरोवर निवासी दीपक कुमार ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसके पास एक मोबाइल नंबर से कॉल आई थी, जिसमें कॉल करने वाले ने अपना नाम राजेंद्र सिंह बताते हुए कहा था कि आपकी वीडियो वायरल हो गई है। आप यूट्यूब वालों से बात कर लो और उसने एक नंबर उनको दे दिया। इसके बाद उसने बताए नंबर पर बात की तो शातिर ने कहा कि उनकी वीडियो वायरल हो चुकी है और इसके पैसे लगेंगे। इसके बाद शातिरों ने एक फोन-पे अकाउंट का मोबाइल नंबर डाले जिस पर उन्होंने उससे 21220 रुपये ट्रांसफर करा लिए। पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी जिला नूंह के गांव तिरवाड़ा निवासी मुनसाद को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने शनिवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी सुरेन्द्र यादव उर्फ सोनू को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# मां दुर्गा का वाहन शेर नारी के महान चरित्र का प्रतीकः गुप्ता

- हमारा परिवार संस्था की ओर से किया कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को नवरात्रि के पावन अवसर पर तूने मुझे बुलाया शेरावालिए कार्यक्रम का आयोजन पंजाबी धर्मशाला में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नई दिशा युवा मंच के अध्यक्ष एडवोकेट निशांत यादव, जिला भाजपा सचिव नीरू भारद्वाज व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने सभी को नव संवत की बधाई देते हुए कहा कि नवरात्रि के नौ दिनों में सभी भक्तजन मां दुर्गा की पूजा आराधना करते हैं। खान-पान में संयम रखते हुए व्रत उपवास करते हैं। बदलते हुए मौसम के इन नौ दिनों में फलाहार करते हुए आने वाले गर्मी के मौसम के लिए अपने शरीर को स्वस्थ रखने का अभ्यास करते हैं।

संस्था के प्रधान अरुण गुप्ता, शिक्षाविद डा. बलबीर अग्रवाल, प्रोफेसर सीएल सोनी व प्राचार्य राजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि मां दुर्गा का वाहन शेर नारी के महान चरित्र का प्रतीक है। जब नारी अपनी मर्यादा में रहती है शील में रहती है तब उसमें मां दुर्गा की तरह अपार शक्ति आ जाती है। वह बड़ी से बड़ी प्रतिकूलताओं को हरा सकती है। स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर प्रियंका यादव, पूर्व नगर परिषद प्रधान सरोज भारद्वाज व महिला संयोजक शशि जुनेजा ने कहा कि हमारे सनातन की महानता है कि हम घर में छोटी-छोटी कन्याओं का मां दुर्गा के रूप में पूजन कर उनका सम्मान करते हैं। नवरात्रि के इन नौ दिनों में मां दुर्गा की भक्ति करते हुए जीवन में दिव्य शक्ति प्राप्त करते हैं। पूर्वांशी ने मां दुर्गा का रूप बनाकर सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। हेल्थ एंड वेलनेस कोच डा. सपना यादव ने नवरात्रि के नौ दिनों में स्वस्थ रहने के उपयोगी टिप्स बताएं। अतिथियों को मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, शिव परिवार व राम दरबार के चित्र भेंट किए गए। कार्यक्रम में पुरुषोत्तम नंदवानी, प्रवक्ता देवेंद्र कुमार, कपिल कपूर, ओजस्वी, प्रीति, सोनिया कपूर, नंदकिशोर सतीजा, सुनीता, जगमोहन अग्रवाल, सुदर्शन मेहंदीरत्ता, हिमांशु, नयन शर्मा, अशोक जुनेजा, सतीश भारद्वाज, उर्मिला, रूपचंद व अशोक गोयल सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# योग जागरूकता दिवस के रूप में मनाया हिंदू नव वर्ष

डा. कंवर सिंह यादव व उषा आर्य ने कविता व भजन के माध्यम से नव संवत का बखान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सेक्टर-3 स्थित कम्यूनिटी सेंटर में रविवार को हिंदू नव वर्ष को योग जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया। आयुष मंत्रालय से जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. दिनेश सिंह ने चार दिवसीय योग शिविर के समापन पर सभी से नियमित योगासन व प्राणायाम करने तथा रोग के उपचार के लिए आयुर्वेदिक उपचार पर बल दिया। डा. रेखा अग्रवाल, रवि गुप्ता निदेशक बीएमजी ग्रुप व डा. लक्ष्मीनारायण प्रांत सह-प्रचार प्रमुख हरियाणा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने नव संवत का महत्व व योग लाभ के वैज्ञानिक आधार बताए।

डा. कंवर सिंह यादव व उषा आर्य ने कविता व भजन के माध्यम से नव संवत का बखान किया। समिति के प्रधान रमेश मित्तल ने कहा कि स्वस्थ रहना हमारा परम कर्तव्य है, जोकि योग से ही संभव है। सरदार कृपाल सिंह ने जलनेती क्रिया कराई। सविता झाम्ब ने मंत्रयोग से योग कक्षा का आरम्भ किया व सरिता चुग ने सभी का धन्यवाद किया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य लोग।

कार्यक्रम में सामजसेवी रिपुदमन गुप्ता, रत्नेश बंसल, बलजीत यादव, पूनम यादव, राजेंद्र सिंघल, दीपक मंगला, गिरीश सिंगला, अशोक प्रधान, चौधरी शीशराम, ईश्वर डहीना वाले, गोपाल डहीना वाले, महेश अग्रवाल, विनोद गुप्ता, गोपाल कृष्ण गोयल, राम किशन, महेंद्र मित्तल, दिनेश डिनको, हितेश डिनको, प्रवीण शर्मा, राकेश गुप्ता एडवोकेट, राजीव गुप्ता एडवोकेट, अशोक यादव एडवोकेट, राज अरोड़ा व शशी मित्तल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# भारतीय नववर्ष के शुभारंभ पर गोक्रांति गोशाला में किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रविवार को गोक्रांति गोशाला अंसल टाउन में भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यज्ञ पुरोहित के रूप में आचार्य सुखदेव तथा यजमान के रूप में गोसेवक प्रदीप डागर एव उनकी धर्मपत्नी अनिल उपस्थित थी। इस अवसर पर सुखदेव आर्य एव कैप्टन राजेन्द्र सिंह ने कहा कि आज का दिन सृष्टि के प्रारंभ का दिन है तथा प्रकृति में इस समय सबकुछ नूतन दिखाई पड़ता है। आज के दिन से भक्ति एव शक्ति की आराधना का पर्व नवरात्रि का प्रारंभ होता है, जिसमें उपवास के माध्यम से आरोग्य की प्राप्ति में सहायक होता है। कार्यक्रम में यूरोप के देश नीदरलैंड में प्रथम योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन तथा योगासन खेल के प्रचार प्रसार करके लौटे नव सृष्टि योग एव शोध संस्थान के संस्थापक व हरियाणा योगासन खेल संघ के उपाध्यक्ष राष्ट्रीय योगासन कोच डा. युद्धवीर का वनवासी कल्याण आश्रम के समन्वयक अनिल गंजू एव कप्तान राजेंद्र ने अभिनंदन किया। डा. युद्धवीर ने बताया कि योगासन भारत के महासचिव योगाचार्य डा. जयदीप आर्य के मार्गदर्शन में यूरोप में प्रथम बार योगासन खेल का आयोजन नीदरलैंड योगासन खेल संघ के माध्यम से किया गया। उन्होंने अभिनंदन के लिए सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर गोक्रांति गोशाला के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



रेवाड़ी। गोक्रांति गोशाला में हवन करते हुए सदस्य।

# दो बाइकों की टक्कर में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेवाड़ी-नारनौल मार्ग पर खोरी पुल के पास एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने पीछे से एक अन्य बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दंपति सड़क पर गिरकर घायल हो गए। गांव शिवदानसिंह पुरा नीमराणा जिला अलवर निवासी मणी देवी ने रामपुरा पुलिस को बताया कि 19 मार्च को वह रेवाड़ी से अपने पति कंवर सिंह के साथ बाइक से गांव जा रहे थे।

जब शाम 4 बजे वे खोरी पुल पर पहुंचे तो तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह नीचे गिर गई व उसका



पति दूर जाकर गिरा, जिससे उसे सिर में गंभीर चोटें आई। अन्य बाइक चालक भी घायल हो गया। राहगीरों ने एंबुलेंस को फोन कर दिया उसके पति व टक्कर मारने वाले युवक को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसके पति को रैफर कर दिया गया। महिला ने बताया कि उसके पति को अभी तक होश नहीं आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# यमुनानगर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया वांछित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

साइबर फ्रॉड के मामले में एक वांछित को गिरफ्तार करने आई यमुनानगर पुलिस को उस समय खाली हाथ लौटना पड़ा, जब आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। उसके पास मौजूद पिस्तौल भागते समय गिर गई, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। आरोपी के खिलाफ रामपुरा पुलिस थाने में केस दर्ज कराया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार गुरावड़ा निवासी सचिन के खिलाफ यमुनानगर साइबर थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज है। इस मामले में सचिन को गिरफ्तार करने के काफी प्रयास किए जा चुके हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार यमुनानगर पुलिस को सूचना मिली थी कि सचिन रामपुरा एरिया में रह रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम रेवाड़ी पहुंच गई। कुतुबपुर में पुलिस टीम को सचिन दिखाई दिया। इससे पहले पुलिस उसे काबू कर पाती, वह पुलिस को चकमा देकर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा किया, परंतु वह गलियों से निकलकर फरार हो गया। इसी दौरान उसकी जेब से पिस्तौल निकलकर जमीन पर गिर गई। पुलिस ने पिस्तौल कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ रामपुरा थाने में कसे दर्ज करा दिया।

# आर्य समाज भवन में हिंदू नव वर्ष पर कार्यक्रम आयोजित



रेवाड़ी। आर्य समाज भवन में नव संवत उत्सव मनाते सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**रेवाड़ी।** शहर के सेक्टर-3 स्थित आर्य समाज भवन में विक्रमी संवत-2082 के शुभारंभ पर उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज प्रधान बुद्ध देव आर्य ने की। उत्सव में साप्ताहिक वैदिक यज्ञ किया गया, जिसमें ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान ने यज्ञमान की भूमिका निभाई। आर्य समाज की प्रवक्ता सरोज यादव ने केंद्रीय सरकार से विक्रमी संवत को राष्ट्रीय पंचांग घोषित करने की मांग की। कार्यक्रम में प्रधान बुद्धदेव आर्य, राजेन्द्र सिंह बोहरा, अर्चना यादव, प्राचार्य अनिल यादव, सामाजिक सद्भाव मंच अध्यक्ष डा. कंवर सिंह यादव, रूधनाथ आर्य और एमपी अग्रवाल ने विक्रमी संवत पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश कालड़ा, मंत्री श्रीभगवान, पुस्तकालय अध्यक्ष ओमप्रकाश बागड़ी, पतंजलि योग समिति सचिव दयाराम आर्य, सुरेश कुमार, चौ. राजकुमार, मुरारीलाल यादव, राजकुमार, स्वास्तिका, दीपक आर्य, राजीव यादव, याशी बागड़ी, अयान, पुरुषोत्तमदास शर्मा, ओमवती यादव, कप्तान ईश्वरसिंह आर्य, जयदेयी व चिराग उपस्थित थे।

**मौसम** चढ़ने लगा दिन का तापमान, रात को अभी भी मिल रही राहत

# इस सप्ताह तापमान में फिर उछाल आने की संभावना 40 डिग्री तक पहुंच सकता है दिन का तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

तीन दिन तक गिरावट के बाद तापमान एक बार फिर से बढ़ना शुरू हो गया है। आसमान साफ होने के बाद दिन के समय गर्मी ने वापसी करना शुरू कर दिया है, जबकि रात का पारा अभी भी राहत दे रहा है। इस सप्ताह मौसम आमतौर पर साफ बना रहने की उम्मीद हे, जिस कारण सप्ताह के अंत तक पारा 40 डिग्री तक पहुंच सकता है।

बीते सप्ताह के शुरू से ही गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ाने शुरू कर दिए थे। तापमान सामान्य से 3 डिग्री तक ज्यादा चल रहा था। बीते बुधावार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।



रेवाड़ी। धूप से बचाव करते हुए सरकुलर रोड से गुजरती महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

लोगों को भारी गर्मी का सामना करना पड़ रहा था।

मार्च माह में ही मई जैसी गर्म हवाएं चलना शुरू हो गई थीं। दो दिन से तापमान में कमी आना शुरू हो गया, जिससे गर्मी का असर कम हो गया। अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री सेल्सियस तक आने के कारण पसीने छुड़ाने वाली गर्मी से राहत मिल गई।

रविवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। तेज धूप खिलने के बाद अधिकतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 32.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान अभी भी राहत दे रहा है। यह 1 डिग्री की गिरावट के साथ 12.0 डिग्री पर आ गया।

इससे रात के समय मौसम ठंडा बन गया है। मौसम विभाग के अनुसार सप्ताह के शुरू से ही तापमान में वृद्धि दर्ज की जा सकती है। मौसम साफ रहने के कारण सोमवार से तापमान में और वृद्धि हो सकती है। सप्ताह के अंत तक तापमान 40 डिग्री तक पहुंच सकता है। इससे लोगों को एक बार फिर भारी गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। बरसात की अभी कोई संभावना नहीं है।

### पांच लाख यूनिट तक गिरी बिजली की खपत

दो-तीन दिन से तापमान में गिरावट आने के कारण घरेलू क्षेत्र में बिजली की कमी लगभग 5 लाख यूनिट तक कम हुई है। कृषि क्षेत्र में फसल कटाई का कार्य शुरू होने के बाद बिजली की खपत पहले ही कम हो चुकी है। आने वाले दिनों में गर्मी के साथ बिजली की डिमांड बढ़ने की संभावना है। इस समय सरसों की कटाई का कार्य लगभग 80 फीसदी तक पूरा हो चुका है। अगेती गेहूं की फसल कटाई का कार्य शुरू हो गया है। मौसम ने एक बार किसानों की चिंता बढ़ाई थी, परंतु अब किसानों को राहत मिल गई है।